# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2018–19
## संगीत–गायन
## कक्षा–12

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 50**

**निर्देशः** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1– बहु विकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(i) संगीत की उत्पत्ति कैसे हुई :–

(अ) मानव द्वारा (ब) प्रकृति द्वारा

(स) देवी–देवताओं द्वारा (द) संगीतज्ञों द्वारा।

(ii) संगीत में किस नाद का उपयोग होता है–

(अ) आहत नाद (ब) अनाहत नाद

(स) सुषिर नाद (द) स्वयंभू नाद।

(iii) एक सप्तक में कितनी श्रुतियाँ मानी जाती हैं–

(अ) 12 (ब) 22

(स) 32 (द) 42

(iv) एक सप्तक में शुद्ध और विकृत कुल कितने स्वर होते हैं–

(अ) 7 शुद्ध और 3 विकृत (ब) 6 शुद्ध व 4 विकृत

(स) 6 शुद्ध व 5 विकृत (द) 7 शुद्ध और 5 विकृत।

(v) गणित द्वारा किसने 72 थाटों की रचना की–

(अ) व्यंकटमुखी (ब) सोमनाथ

(स) भातखण्डे (द) संगीत परिजात।

2— बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(i) शारंगदेव किस प्रसिद्ध ग्रन्थ के लेखक हैं—

(अ) संगीत रत्नाकर (ब) संगीत विबोध

(स) संगीत परिजात (द) चतुदीडिप्रकाशिका।

(ii) इनमें से ध्रुपद किन तालों में गाया जाता है—

(अ) तीनताल (ब) एकताल

(स) चारताल (द) शूलताल

(iii) इनमें से किसमें तानें नहीं प्रयोग की जाती और इन्हें तानसेन गाया करते थे—

(अ) ख्याल (ब) ध्रुपद

(स) धमार (द) तराना।

(iv) इनमें से किसे परमेल प्रवेशक राग कहते हैं—

(अ) जयजयवन्ती (ब) बहार

(स) हिडोंल (द) दुर्गा

(v) धमार गीतों में मुख्य रूप से किसका वर्णन मिलता है—

(अ) बसंत (ब) शोभा यात्रा

(स) देवी देवता (द) होली।

**3**— अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(i) दुर्गा राग का परिचय लिखिए।

(ii) एक ताल और चार ताल में अन्तर लिखिये।

(iii) थाट किसे कहते हैं? थाट कितने होते हैं?

(iv) राग एवं थाट में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(v) 'संधि प्रकाश राग' किसे कहते हैं?

**4**— अति लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(i) तिरोभाव–आविर्भाव में क्या अन्तर है?

(ii) तानपूरे में कितने तार होते हैं? उसके तार किन–किन स्वरों में मिलाये जाते हैं?

(iii) आश्रय राग एवं परमेल प्रवेशक राग में अन्तर लिखिए।

(ix) नाद के कितने लक्षण माने जाते हैं?

(x) विलम्बित ख्याल एवं द्रुत ख्याल में किस ताल का प्रयोग होता है?

**5**— रिक्त स्थानों की पूर्ति करिए– 1+1+1+1+1 = 5 अंक

(i) तीन ताल में ..................... मात्रा होती है। (16, 8, 10, 12)

(ii) राग में कम से कम ........... स्वरों का प्रयोग होता है। (4, 5, 6, 7)

(iii) स्वर ऊँचा होने से तार की लम्बाई .......... है। (बढती है)(घटती है), (कभी घटती व कभी बढ़ती है), (न घटती है और न बढ़ती है)।

(iv) विलम्बित ख्याल ........................... में गाया जाता है।

(तेवरा, एकताल, झपताल, धमार ताल)

(v) रंगमंच पर इनमें से किसे नहीं गाया जाता है ...........................।

(लक्षणगीत, छोटा–ख्याल, तराना, भजन)।

6– किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए– 2½+2½ अंक

(अ) सप्तक, (ब) चतुरंग, (स) आश्रय राग, (द) निबद्धगान।

7– निम्नलिखित स्वर समूह को पहचान कर रागों के नाम लिखिए– 1+1+1+1+1 = 5 अंक

(i) सां नि ध प म ग रे सा।

(ii) सा म, मप, धप नि ध सां।

(iii) सा म, म प, ग म, ध नि सां।

(iv) सा ध नि रे, रे ग म प, नि सां।

(v) ध नि सा म, ग म ग सा।

8– निम्नलिखित तालों के बोल को पहचान कर ताल का नाम लिखिए – 1+1+1+1+1 = 5 अंक

(i) क धि ट धि ट ।
×

(ii) धा तू ना।

(iii) न क धि ना।
(the first syllable न is marked with a dot above)

(iv) धी ना । धी धी ना।
(the first syllable धी is marked with a dot above)

× 2

(v) ता धिं धिं धा।

3

9— निम्नलिखित रागों में से किसी एक राग के द्रुत ख्याल को स्वर लिपिबद्ध कीजिए — 5 अंक

(i) जौनपुरी

(ii) केदार

(iii) भैरव

अथवा

निम्नलिखित रागों में से किसी एक जोड़ी में अन्तर स्पष्ट कीजिए — 5 अंक

(i) जौनपुरी — आसावरी।

(ii) कालिंगड़ा — भैरव।

(iii) केदार — हमीर।

10— निम्नलिखित में से किसी एक का जीवन—परिचय तथा संगीत में उनके योगदान के विषय में लिखिए — 5 अंक

(i) तानसेन

(ii) पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे।

(iii) मानसिंह तोमर।

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। 5 अंक

(i) संगीत और ललित कलाएं।

(ii) मानव जीवन में संगीत का महत्व।

(iii) शास्त्रीय संगीत में गुरू का स्थान।

———